LAKSH

Estd. 1996

ipem

Law Academy

25 YEARS

“प्रथम सूचना रिपोर्ट”

“First Information Report” (FIR)

A-13/1, South Side G.T. Road Industrial Area
NH-24 By Pass, Ghaziabad-201010

9910491474



स्वर्गीय डॉ0 बी.एस. गोयल
संस्थापक

आईपीईएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की स्थापना स्वर्गीय डॉ0 बी.एस. गोयल (कार्यकारी निदेशक, आईपीईएम), के द्वारा हुई थी,जो खुद एक महान शिक्षाविद्, परोपकारी और दूरदर्शी थे। डॉ0 गोयल अपने दर्शन, क्रियात्मकता, शैक्षणिक संसाधनों और अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए जाने जाते थे। डॉ0 गोयल का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा और ज्ञान का प्रसार करके ही हम भारत को आगे ले जा सकते हैं।

आईपीईएम डॉ0 गोयल के मार्गदर्शनों का अनुसरण करने के लिए जाना जाता है। औद्योगीकरण हमारे सभी शैक्षणिक प्रणालियों के साथ आंतरिक रूप से हस्तक्षेप करता है और अकादमिक कठोरता और अनुभवी हाथों के माध्यम से उम्मीदों को पूरा किया जाता है।

दो दशकों से अधिक के हमारे अनुभवों ने हमें अपने छात्रों को उच्च क्रम की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने व उत्पादों के लिए क्षमता विकसित करने में मदद की है। कॉर्पोरेट दुनिया में अकादमिक गतिविधियों या रोजगार को आगे बढ़ाने के लिये परिवर्तन सहज है। आईपीईएम में हम आपका स्वागत करते हैं और आपको क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

F.I.R.
प्रथम सूचना रिपोर्ट

किसी भी अपराध की रिपोर्ट पुलिस को दर्ज करवाने के लिए जैसे ही आप थाने में जाते हैं, तो आपको अपने साथ घटे अपराध की जानकारी देने को कहा जाता है। इसमें अपराध का समय, स्थान, मौके की स्थिति इत्यादि की जानकारी पूछी जाती है। यह सारी जानकारी डेली डायरी में लिखी जाती है जिसे रोजनामचा भी कहा जाता है। बहुत से अनजान लोग इसे ही एफआईआर समझ लेते हैं और अपनी तरफ से संतुष्ट हो जाते हैं। इसलिए जब भी अपराध की रिपोर्ट दर्ज करवाएं एफआईआर लिखवाएं और इसकी कॉपी लें, यह आपका अधिकार है। एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही और देरी के लिए भी आप जिम्मेदार अधिकारी की शिकायत कर सकते हैं। एफआईआर की पहचान के लिए इस पर एफआईआर नंबर भी दर्ज होते हैं जिससे आगे इस नंबर से मामले में प्रक्रिया चलाई जा सके। अहम बात यह की FIR पंजीकृत करने के लिए किसी भी प्रकार की फीस नहीं लगती, यदि पुलिस अधिकारी इसकी मांग करता है तो तुरंत उसकी शिकायत बड़े पुलिस अधिकारियों को करें।

FIR करवाते समय इन बातों का रखें ध्यान–

एफआईआर यानी प्रथम सूचना रिपोर्ट तुरंत दर्ज करवाएं। यदि किसी कारण से देर हो जाती है तो फॉर्म में इसका उल्लेख करें। यदि शिकयत मौखिक रूप से दे रहे हैं तो थाना प्रभारी आपकी शिकायत लिखेगा और समझाएगा। कार्बनशीट से शिकायत की चार कापियां होनी चहिये। शिकायत को सरल और विशिष्ट रखें। तकनीकी के तहत जटिल

शब्दों का प्रयोग न करें। ध्यान रखें कि आपके आगमन और प्रस्थान का समय एफआईआर और पुलिस स्टेशन के डेली डायरी में अंकित हो गया है।

FIR में दें यह जानकारी

- आप किस क्षमता में जानकारी दे रहें हैं
- अपराध का दोषी कौन है
- अपराध किसके खिलाफ किया गया है
- अपराध होने का समय क्या था
- अपराध कौन सी जगह पर हुआ
- अपराध किस तरीके से हुआ
- अपराध के समय कोई गवाह थे
- अपराध से होने वाला नुक्सान

ये सभी प्रक्रिया होने पर शिकायत को ध्यान से पढ़ें और उसके बाद उस पर दस्तखत कर दें। थाना प्रभारी इसे अपने रिकॉर्ड में रखेगा। शिकायतकर्ता का ये अधिकार है कि इसकी एक कॉपी उसे भी मिले। इसके लिए कोई फीस या शपथ पत्र देने की जरुरत नहीं है।

ऑनलाइन FIR

अब शिकायत करने के लिए पुलिस थाने जाने की जरूरत नहीं रही। आप ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के 24 घंटे के भीतर थाना प्रभारी आपको फोन करेगा जिसके बाद आप अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ही ट्रैक कर सकते हैं। ऑनलाइन शिकायत करने के लिए आपको अपना ई–मेल और टेलीफोन नंबर भी दर्ज कराना होगा जिससे पुलिस आपको संपर्क कर सके।

आपके अधिकार

संज्ञेय (गंभीर) अपराध के मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। एफआईआर की कॉपी लेना शिकायकर्ता का अधिकार है। इसके लिए मना नहीं किया जा सकता है। संज्ञेय अपराध की एफआईआर में लिखे गए घटनाक्रम व अन्य जानकारी को शिकायकर्ता को पढ़कर सुनाना अनिवार्य है। आप सहमत हैं, तो उस पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। यह जरूरी नहीं कि शिकायत दर्ज करवाने वाले व्यक्ति को अपराध की व्यक्तिगत जानकारी हो या फिर उसके सामने ही अपराध हुआ हो। एफआईआर में पुलिस अधिकारी स्वयं की ओर से कोई भी शब्द या टिप्पणी नहीं जोड़ सकता है।

- अगर आपने संज्ञेय अपराध की सूचना पुलिस को लिखित रूप से दी है, तो पुलिस को एफआईआर के साथ आपकी शिकायत की कॉपी लगाना जरूरी है।
- एफआईआर दर्ज कराने के लिए यह जरूरी नहीं है कि शिकायत करने वाले को अपराध की व्यक्तिगत जानकारी हो या उसने अपराध होते हुए देखा हो।
- अगर किसी वजह से आप घटना की तुरंत सूचना पुलिस को नहीं दे पाएं, तो घबराएं नहीं। ऐसी स्थिति में आपको सिर्फ देरी की वजह बतानी होगी।
- कई बार पुलिस एफआईआर दर्ज करने से पहले ही मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर देती है, जबकि होना यह चाहिए कि पहले एफआईआर दर्ज हो और फिर जांच–पड़ताल। घटना स्थल पर एफआईआर दर्ज कराने की स्थिति में अगर आप एफआईआर की कॉपी नहीं ले पाते हैं, तो पुलिस आपको एफआईआर की कॉपी डाक से भेजेगी। आपकी एफआईआर पर क्या कार्रवाई हुई इस बारे में संबंधित पुलिस आपको डाक से सूचित करेगी। अगर अदालत द्वारा दिए गए समय में पुलिस अधिकारी शिकायत दर्ज नहीं करता या इसकी प्रति आपको उपलब्ध नहीं कराता या अदालत के दूसरे आदेशों का पालन नहीं करता तो उस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ उसे जेल भी हो सकती है।

FIR दर्ज नहीं करें तो करें ये काम

अगर थाना प्रमुख आपकी शिकायत की एफआईआर दर्ज नहीं करता है या मना करता है, तो आप अपनी शिकायत रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से क्षेत्रीय पुलिस उपायुक्त को भेज सकते हैं। उपायुक्त आपकी शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर सकता है। इसके अलावा एफआईआर नहीं दर्ज किए जाने की स्थिति में आप अपने क्षेत्र के मैजिस्ट्रेट के पास पुलिस को दिशा–निर्देश के लिए कंप्लेंट पिटीशन दायर कर सकते हैं कि 24 घंटे के भीतर केस दर्ज कर आपको एफआईआर की कॉपी उपलब्ध करवाए। मैजिस्ट्रेट के आदेश पर भी पुलिस अधिकारी समय पर शिकायत दर्ज नहीं करता है या फिर एफआईआर की कॉपी उपलब्ध नहीं करवाता है, तो उस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई और जेल भी हो सकती है।

एफआईआर की कॉपी पर उस पुलिस स्टेशन की मुहर और थाना प्रमुख के हस्ताक्षर होने चाहिए। एफआईआर की कॉपी आपको देने के बाद पुलिस अधिकारी अपने रजिस्टर में लिखेगा कि सूचना की कॉपी शिकायतकर्ता को दे दी गई है। आपकी शिकायत पर हुई प्रगति की सूचना संबंधित पुलिस आपको डाक से भेजेगी। आपको और पुलिस को सही घटना स्थल की जानकारी नहीं है, तो भी चिंता की बात नहीं। पुलिस तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर देगी। हालांकि जांच के दौरान घटना स्थल का थानाक्षेत्र पता लग जाता है तो संबंधित थाने में केस को ट्रांसफर

कर दिया जाएगा। एफआईआर दर्ज करवाने का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। अगर आपसे कोई भी एफआईआर दर्ज करवाने के नाम पर रिश्वत, नकद की मांग करे, तो उसकी शिकायत करें।

FIR लिखने का तरीका

- हम सभी को कभी न कभी FIR लिखाना ही पड़ जाता है चाहे खुद के लिये या किसी जानने वाले के लिये। अक्सर लोगो की शिकायत होती है कि उनकी FIR थाने में नहीं लिखी गई, या फिर मजिस्ट्रेट के यहाँ FIR के लिये किया गया आवेदन निरस्त हो गया। इसके तो कई कारण होते है किंतु एक कारण ये भी होता है कि आपके लिखने का तरीका गलत हो। FIR को कम से कम शब्दों में स्पष्ट और पूरे मामले को लिखना चाहिये क्योंकि न्यायालय में आपका केस इसी आधार पर चलता है । आसान भाषा में FIR को लिखने का तरीका-

(1) कब (तारीख और समय)– FIR में आप घटना के समय और तारीख

(2) कहा (जगह)– घटना कहाँ पे हुई इसकी जानकारी दे।

(3) किसने –अपराध किस व्यक्ति ने किया (ज्ञात या अज्ञात) एक या अनेक ब्यक्ति उसका नाम पता आदि लिखे।

(4) किसको – किस के साथ अपराध किया गया एक पीड़ित है या अनेक उनसब का नाम व पता।

(5) किसलिये – यह एक मुख्य विषय होता है इसीसे यह पता चलता है कि कोई कार्य अपराध है या पुरस्कार देने के लायक कार्य है, इसको निम्न प्रकार समझ सकते हैं। जैसे– क एक ब्यक्ति ख पर गोली चला देता है और ख की मृत्यु हो जाता है, क यहाँ पर दोषी होगा।

(6) किसके सामने (गवाह)– अगर घटना के समय कोई मौजूद हो तो उनकी जानकारी अवश्य देनी चाहिये।

(7) किससे (हथियार) – अपराध करने के लिए किन हथियार का प्रयोग किया गया (पिस्तौल , डंडे, रॉड, चौन , हॉकी, ईट) अगर कोई धोखाधड़ी का मामला है तो आप (स्टाम्प पेपर, लेटरहेड, इंटरनेट , मोबाइल, आदि,) जानकारी जरूर प्रदान करे।

(8) किस प्रकार – क्या प्रकरण अपनाया गया अपराध् करने के लिये उसको लिखे।

(9) क्या किया (अपराध)– इनसभी को मिलकर क्या किया गया जो की अपराध होता है उसको लिखे।

इस प्रकार आप सब आसानी से FIR को लिख सकते है ।

अन्य जानकारी :

- FIR आप जहाँ घटना हुई है उसके आलावा भी भारत के किसी भी थाने में जाकर आप FIR लिखा सकते है।
- FIR न लिखे जाने के कई कारण होते है, मुख्यतः क्राइम रेट अधिक न हो इस कारण नहीं लिखी जाती है (जो की गैर कानूनी कारण है) । दूसरा कारण अपराध की सत्यता पर शक होता है जिस कारण पुलिस FIR लिखने से पहले जाँच करना चाहते है।
- FIR लिखवाना आपका अधिकार है (धारा–154 CrPC), अगर थाने में आप की FIR नहीं लिखी जाती है तो आप उनके ऊपर के किसी भी अधिकारी (CO,SP, SSP) से आप FIR लिखने के लिये बोल सकते है। वह 1 या 2 दिन जाँच के लिये लेकर संबंधित थाने में FIR लिखने के लिये निर्देश दे देंगे।

About the Law Academy

IPEM Law Academy (NAAC Accredited) affiliated to Chaudhary Charan Singh University, Meerut and approved by the Bar Council of India, offers LLB (3Yrs) and BALLB (5Yrs) Courses. In the course of their studies, the Students are encouraged to Visit Parliament, Courts, to participate in Workshops, Guest Lectures and Moot Court Competition, Seminars and Other Scholastic and Non-Scholastic Activities. The IPEM Law Academy is located at NH-24 Bypass (near Vijay Nagar, Ghaziabad) adjoining East Delhi, Noida &Greater Noida (West). It is well connected by all modes of public transport also. It has spacious self contained campus spread over five acres of land. The infrastructure and layout of the academy are planned in such a congenial manner that it is learner's paradise.

IPEM Law Academy was established in 2005 to impart legal education as a growing area of knowledge. It is a centre for learning, where full encouragement is given to the scholars to become futuristic in their approach and endorse the qualities of being legal professionals of tomorrow. The Institute provides a good learning environment combined with the teaching pedagogy. The Faculty is highly educated in their respective fields and subjects. There is a regular feedback system in which the students provide the Feedback directly to the governing body. The Campus has congenial ambience, conducive to learning and education and to excel in chosen field.

:: LOCATION MAP ::



IPEM Law Academy

A-13/1, S.S.G.T. ROAD INDUSTRIAL AREA, NH-24, GHAZIABAD-201010

+91-9910491474/72, Email- info@ipemgzb.ac.in, Website: www.law.ipemgzb.ac.in

LAKSH

Estd. 1996

ipem Law Academy

25 YEARS

"विधिक सहायता एवं सामान्य कानूनों की जानकारी"
"Knowledge of Legal Aid and General Laws"

"उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम"
"Consumer Protection Act"

"सूचना का अधिकार"
"Right to Information"
(R.T.I)

"भारत में तलाक के नियम व कानून से जुड़ी जानकारी"
"Information Related to the Rules and Laws of Divorce in India"

A-13/1, South Side G.T. Road Industrial Area
NH-24 By Pass, Ghaziabad-201010
9910491474



स्वर्गीय डॉ0 बी.एस. गोयल
संस्थापक

आईपीईएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की स्थापना स्वर्गीय डॉ0 बी.एस. गोयल (कार्यकारी निदेशक, आईपीईएम), के द्वारा हुई थी,जो खुद एक महान शिक्षाविद्, परोपकारी और दूरदर्शी थे। डॉ0 गोयल अपने दर्शन, क्रियात्मकता, शैक्षणिक संसाधनों और अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए जाने जाते थे। डॉ0 गोयल का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा और ज्ञान का प्रसार करके ही हम भारत को आगे ले जा सकते हैं।

आईपीईएम डॉ0 गोयल के मार्गदर्शनों का अनुसरण करने के लिए जाना जाता है। औद्योगीकरण हमारे सभी शैक्षणिक प्रणालियों के साथ आंतरिक रूप से हस्तक्षेप करता है और अकादमिक कठोरता और अनुभवी हाथों के माध्यम से उम्मीदों को पूरा किया जाता है।

दो दशकों से अधिक के हमारे अनुभवों ने हमें अपने छात्रों को उच्च क्रम की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने व उत्पादों के लिए क्षमता विकसित करने में मदद की है। कॉर्पोरेट दुनिया में अकादमिक गतिविधियों या रोजगार को आगे बढ़ाने के लिये परिवर्तन सहज है। आईपीईएम में हम आपका स्वागत करते हैं और आपको क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

आई पी ई एम के बारे में–

आई पी ई एम ग्रुप, की स्थापना सन 1996 में स्वर्गीय डॉ0 बी एस गोयल के द्वारा हुए थी यह लक्ष एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में, सोसाइटी अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत है, एक प्रतिष्ठित ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के रूप में अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण जारी रखता है और अब प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, कानून और शिक्षा के क्षेत्रों में विभिन्न पाठ्यक्रमों को परिचालित करता है।

आई पी ई एम भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में गाजियाबाद में स्थित है। 1996 में स्थापित, यह संस्थान NAAC, BCI, NCTE, AICTE से मान्यता प्राप्त और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध है। IPEM गाजियाबाद **5 संकायों** (प्रबंधन, आईटी, कानून, शिक्षा, वाणिज्य और बैंकिंग) में **9 पाठ्यक्रम** जिसमें **6 यूजी डिग्री** जैसेः बीबीए, बीकॉम, बीसीए, बीएएलएलबी, एलएलबी, बीएड, **दो पीजी डिग्री** जैसेः एमबीए, एमसीए और **एक डिप्लोमा** डीएलएड प्रदान करता है।

Hostel की सुविधा भी छात्रों के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त परिसर सुविधाएं जैसे कि ऑडिटोरियम, कैंटीन, कंप्यूटर लैब, मेस, लाइब्रेरी, मेडिकल सुविधाएं, कैम्पस प्लेसमेंट भी है।

आई पी ई एम NCR में एक उच्च प्रतिष्ठित संस्थान है। वर्ष 1996 में स्थापित, यह विश्व स्तर की शिक्षा प्रदान करने का एक शानदार उदाहरण है। IPEM में, हम सह–पाठयक्रम गतिविधियों को समान महत्व देते हैं, क्योंकि वे हमारे व्यक्तित्व को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यही कारण है कि संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) और मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (MCA) पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा अनुमोदित और अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU), लखनऊ से संबद्ध हैं। बैचलर ऑफ कामर्स (बी.कॉम), बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित बैचलर ऑफ लॉ (एलएलबी 3 वर्ष) और बीएएलएलबी (5 वर्ष), राष्ट्रीय शिक्षा परिषद (NCTE) द्वारा अनुमोदित बैचलर ऑफ एजुकेशन (B-Ed), सभी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध हैं। और प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D-El-Ed) कार्यक्रम NCTE द्वारा अनुमोदित किया गया है, एससीईआरटी, भारत में संपूर्ण शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को नियंत्रित करने और विनियमित करने के लिए एक शीर्ष निकाय है।

आई पी ई एम लॉ अकादमी के बारे में–

आई पी ई एम लॉ एकेडमी NAAC मान्यता प्राप्त और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध और बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित है। IPEM लॉ एकेडमी LL.B (3 वर्ष) और B.A.LL.B (5 वर्ष) पाठ्यक्रम प्रदान करता है। 2005 में LL.B (3 वर्ष) पाठ्यक्रम 180 सीटों के साथ और B.A.LL.B (5 वर्ष एकीकृत) पाठ्यक्रम 120 सीटों के साथ पेश किया गया था। हम 2020–21 सत्र से B.Com.LL.B भी शुरू करने जा रहे हैं। आईपीईएम लॉ एकेडमी में एक विशाल स्व–निहित परिसर है जो पाँच एकड़ भूमि में फैला हुआ है। अकादमी के बुनियादी ढाँचे और लेआउट की योजना इस तरह से बनाई गई है कि यह एक शिक्षार्थी का स्वर्ग है। पूर्वी दिल्ली, नोएडा और ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) से सटे NH-24 बायपास (विजय नगर, गाजियाबाद) पर स्थित, आईपीईएम लॉ एकेडमी सार्वजनिक परिवहन के सभी साधनों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

अपनी पढ़ाई के दौरान, छात्रों को कार्यशालाओं, Guest Lecture और Moot Court प्रतियोगिता, सेमिनार और अन्य शैक्षिक और गैर–शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए तथा संसद, न्यायालयों का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

LL.B (3 वर्ष) – BA.LL.B (5 वर्ष) के पाठ्यक्रम को बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (कॉलेज कोड –409) से संबद्ध किया गया है, जो कानून में डिग्री के साथ एक व्यक्ति को सक्षम बनाता है, कि वह खुद को पंजीकृत वकील के रूप में अभ्यास करें, नौकरी प्राप्त करे या फिर उच्च अध्ययन के लिए आगे जाये।

कानून का ज्ञान प्रदान करने के अलावा, आईपीईएम में प्रैक्टिकल के लिए बहुत जोर दिया जाता है। छात्रों को उनके दृष्टिकोण में भविष्यवादी बनने और अपने पेशे में अच्छे पेशेवर 'होने की गुणवत्ता का समर्थन करने के लिए पूर्ण प्रोत्साहन दिया जाता है। कानून के छात्रों को शिक्षा, न्यायिक सेवा, वकालत, कानून परामर्श, विधि अधिकारी, कानूनी सलाहकार, सशस्त्र बल, रियल एस्टेट, और मीडिया में कानूनी संवाददाताओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर के विकल्पों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और प्रतिष्ठित कानून फर्मों में रखा जाता है। इन के अलावा, कानून स्नातकों को रोजगार के अन्य क्षेत्रों में भी नियोक्ताओं द्वारा अधिक उपयुक्त और पसंदीदा माना जाता है। जिसमें पिछले कई वर्षों से सौ प्रतिशत परिणामों के साथ इस कोर्स को सफलतापूर्वक चलाने का अनुभव है।

आई पी ई एम निःशुल्क विधिक सलाह केंद्र'

स्वास्थ्य एवम स्वच्छ पर्यावरण मानव जीवन का आधार है, भाईचारा व प्रेम से जीवन यापन करना मानव जीवन का मूल मंत्र है। आज के समाज में मनुष्य अपने मानवीय, नैतिक,सामाजिक मूल्यों और आदर्श के पथ से दूर होता जा रहा है, ईश्वर से विरक्त होकर आधुनिकता का जामा ओढ़कर नियम–कानून को अपने हाथ का खिलौना समझने लागा है, जिस की शिकार हो रही है, हमारी निरक्षर, अज्ञानी निर्धन, भोली–भाली जनता जिसको कानून का ज्ञान नहीं है। अदालत के दरवाजे पर दस्तक देने से ये जनता डरती है क्योंकी इतना खर्चा कहाँ से आये।

उत्कृष्टता के लिए प्रयास कभी भी एक आकस्मिक और सहज घटना नहीं हो सकता है। इसे मूल व्यक्तित्व ढांचे में संलग्न करना होगा जहां यह एक दृढ़ आदत के रूप में रहता है। हम IPEM ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में इन बुनियादी बातों के लिए जीवित हैं और यह हमारे प्रयास इन क्षेत्रों में परिलक्षित होते है जो विश्व स्तर की प्रबंधन शिक्षा, मानव गतिशीलता पर मूल्य–आधारित शिक्षा, समय और संसाधनों के रूप में अनुकूलन के लिए एक वातावरण बनाने के लिए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हमारा प्रतिमान समवेत प्रबंधकों और पेशेवरों को बनाना है, जिनके पास घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता है। आईपीईएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस मूल्य आधारित प्रबंधकों, टेक्नोक्रेट और पेशेवरों को प्रदान करके उद्योग और समाज की सेवा के लिए प्रयास करते हैं।

हमारा उददेश्य पेशेवर का उत्पादन करना है जो भविष्य में समाज को आगे बढ़ाएगा।

इस सन्दर्भ में आई.पी.ई.एम. लॉ अकेडमी में '**निःशुल्क विधिक सलाह केंद्र**' की स्थापना फरवरी 2010 को की गयी, जिसका उद्घाटन माननीय जिला एवम सत्र न्यायाधीश श्री वी.सी गुप्ता के कर कमलो से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। वर्तमान परिवेश में हर नागरिक को विधितंत्र का ज्ञान होना आवश्यक है।

विधिक सलाह एवम् सहायता केंद्र का उददेश्य :–

१ गरीब व जरुरतमंदो को निशुल्क विधिक सलाह उपलब्ध करना।

२ विधिक साक्षरता का प्रचार।

३ विधिक सहायता उपलब्ध करना– जो लोग गरीबी की वजह से कोर्ट मे जाने से डरते है क्योकि उनके पास न तो कोर्ट फीस देने के लिए पैसे है और न ही अधिवक्ता की फीस, ऐसे लोगो को निशुल्क वाद लड़ने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता उपलब्ध कराना।

४ आम जनता को यह सलाह देना की वे अपने मतभेदो को आपसी सहमति व भाईचारे से निपटने तथा लोक अदालतों का लाभ उठाए ।

५ उपरोक्त कार्यो के लिए अधिवक्ताओ का एक पैनल तैयार करना।

६ विधि के छात्र / छात्राओं में पढ़ाई के दौरान ही एक अच्छे अधिवक्ता के गुणों को विकसित करना।

विधिक सलाह एवम सहायता कैसे प्राप्त करे :–

यदि आप किसी ऐसी समस्या से ग्रसित है। जिससे आपको विधिक सलाह एवम सहायता की जरूरत है। निःसंकोच आप आई पी ई एम् लॉ अकेडमी मे विधिक सलाह और सहायता केंद्र आकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते है। आई पी ई एम् ला अकेडमी में विधिक सलाह और सहायता के लिये प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को दोपहर बाद ०१:०० बजे से ०४:०० बजे तक संपर्क स्थापित कर सकते है। निशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता केंद्र मे आपका स्वागत है। इस केंद्र मे समय समय पर विधि विशेषज्ञो द्वारा परामर्श प्रदान किया जाता है। यहाँ पर पत्र लिखकर भी आप अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते है।

धन्यवाद ।

भारत में मुफ्त विधिक सहायता की शुरूआत–

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानून सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तरदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को सक्षम विधि सेवाएं प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया। इसका काम कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करना और उसका मूल्यांकन एवं निगरानी करना है। साथ ही, इस अधिनियम के अंतर्गत कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराना भी इसका काम है।

हमारे देश में हजारों लोग ऐसे हैं जो अदालत में वकील की सेवा नहीं ले पाते हैं। इसका अर्थ है कि इस प्रकार के लोग न्याय प्रणाली तक सही रूप से नहीं पहुंच पाते हैं। पीडित व्यक्ति के लिए तो प्रायः सरकार की ओर से सरकारी वकील के रूप में कानूनी मदद मिल जाती है किंतु आरोपी व्यक्ति को कानूनी मदद के लिए अपना स्वयं का वकील करना पड़ता है। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अनुसार जब तक कोई व्यक्ति दोष सिद्ध नहीं हो जाता तब तक वह अपराधी घोषित नहीं होता है। इस प्रकार जिस पर आरोप लगा है, उसे दोषी नहीं माना जा सकता है जब तक कि दोषसिद्ध ना हो जाये। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति हिरासत में है तो यह अदालत की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि अदालत में उसका वकील हो, चाहे वह अभियोजन पूर्व या अभियोजन के चरण में हो। जब अदालत में कोई व्यक्ति पेश किया जाता है तो अदालत

यह सुनिश्चित करती है कि क्या उसका कोई वकील है या नहीं। यदि वह वकील करने में सक्षम नहीं है तो अदालत सरकार के खर्चे पर उसके लिए तत्काल एक वकील नियुक्त करती है।

1952 से भारत सरकार ने विभिन्न कानून मंत्रियों तथा विधि आयोगों की बैठकों में गरीबों के लिए कानूनी सहायता के प्रश्न को संबोधित करना शुरू कर दिया था। 1960 में सरकार द्वारा कानूनी सहायता योजनाओं के लिए कुछ दिशा–निर्देश तैयार किये गये। विभिन्न राज्यों में कानूनी सहायता बोर्ड, सोसाइटियों और विधिक विभागों के माध्यम से कानूनी सहायता योजनाएँ शुरू की गईं। 1980 में पूरे देश में कानूनी सहायता कार्यक्रम के निगरानी और निरीक्षण के लिए जस्टिस पी. एन. भगवती की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय–स्तरीय समिति का गठन किया गया। इस समिति को सी.आई.एल.एस. (कमेटी फॉर इम्पिलिमेंटिंग लीगल एड स्कीम्स) के नाम से जाना जाता है और इसने अपने गठन के साथ ही पूरे देश में कानूनी सहायता गतिविधियों पर निगरानी का काम शुरू कर दिया था। इस तरह देश की न्याय व्यवस्था प्रणाली में लोक अदालतों का एक नया अध्याय जोड़ा गया और इसके माध्यम से विवादित पक्षों को अपने मामले सुलहनामे के माध्यम से सुलझाने का एक मंच प्रदान करने में सफलता हासिल हुई।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (निशुल्क विधिक सहायता कानून)

वर्ष 1987 में संसद ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया जिसने विभिन्न स्तरों पर विधिक सेवा प्राधिकरण का निर्माण किया ताकि समाज के कमजोर तबकों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवा प्राप्त हो सके जिससे यह सुनिश्चित हो कि आर्थिक या अन्य असमर्थता के कारण कोई भी नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न हो।

यह कानून निःशुल्क विधिक सहायता को मूर्तरूप देता है। यह कानून ऐसे व्यक्ति जो निर्धनता या जाति, पंथ या लिंग संबंधी संवेदनशीलता के कारण कोई मामला दर्ज करने या मामले का बचाव करने के लिए एक वकील की सेवा लेने में समर्थ नहीं हैं, को कानूनी सहायता प्रदान करता है ताकि न्यायालय में उन्हें भी वकील की सेवा मिल सके।

यह अधिनियम विभिन्न स्तरों पर विधिक सेवा संस्थान स्थापित करता है, जो इस प्रकार है–

- केन्द्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) है। राष्ट्रीय प्राधिकरण उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति का गठन करता है।
- राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) है। राज्य प्राधिकरण राज्य के उच्च न्यायालय के लिए उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा प्रत्येक तालुक के लिए तालुक विधिक सेवा समिति गठित करता है।
- जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा समिति होती है।

निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के हकदार-

1987 के अधिनियम की धारा 12 अनुसार निम्नलिखित लोग कानूनी सहायता पाने के हकदार हैं–

- महिलाएं और बच्चे
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्य
- औद्योगिक श्रमिक
- बड़ी आपदाओं, हिंसा, बाढ़, सूखे, भूकंप और औद्योगिक आपदाओं के शिकार लोग
- विकलांग व्यक्ति
- हिरासरत में रखे गए लोग
- ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 100,000 रुपए (उत्तर प्रदेश के अनुसार) से अधिक नहीं है
- बेगार या अवैध मानव व्यापार के शिकार।

निःशुल्क कानूनी सहायता कैसे प्राप्त करें?

- कोई भी व्यक्ति जो की उपरोक्त में से एक है निःशुल्क कानूनी सहायता पाने के लिए अपने नजदीकी प्राधिकरण, समिति और विधिक सेवा केंद्र में लिखित प्रार्थना पत्र या फिर प्राधिकरण द्वारा जारी किये गए फॉर्म से आवेदन कर सकता है।

- अगर व्यक्ति लिखने में सक्षम नहीं है, तो वह मौखिक माध्यम से अपना आवेदन कर सकता है, प्राधिकरण में मौजूद अधिकारी उस व्यक्ति की बातों को आवेदन पत्र में लिखेगा।

- माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने कहा है कि व्यक्ति की गिरफ्तारी के तुरंत बाद पुलिस का यह अनिवार्य जिम्मेदारी है कि नजदीकी विधिक सहायता केंद्र में इसकी जानकारी दी जाये जिससे की समय रहते अभियुक्त की कानूनी सहायता की जा सके।

- इसके अलावा आप ''राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण'' जिसे हम नालसा भी बुलाते हैं की वेबसाइट पर जा कर देश के किसी भी ''विधिक सेवा संस्थान व प्राधिकरण'' से कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए ''ऑनलाइन एप्लीकेशन'' फॉर्म जरूरी दस्तावेजों को अपलोड करके भर सकते हैं।

जरूरी दस्तावेज

- अगर हम जरुरी दस्तावेजों की बात करें तो मुख्य रूप से आपके पास एक घोषणा पत्र होना चाहिए जिसके साथ में आपका वार्षिक आय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र हो।
- बाकी दस्तावेज आपके केस पर निर्भर करेंगे।
- ध्यान रहे यह कागजात विधिक सेवा केंद्र या प्राधिकरण में भी ले जाना और दिखाना जरूरी है।

किस प्रकार की कानूनी सहायता दी जाएगी?

- आपके लिए एक वकील नियुक्त किया जायेगा।
- कोर्ट की कार्यवाही में जो भी खर्च होगा वह दिया जायेगा, जैसे की कोर्ट फीस आदि।
- कोर्ट के आदेशों की प्रति एवं अन्य दस्तावेज जो भी न्यायालय की कार्यवाही से जुड़े होंगे आपको उपलब्ध कराये जायेंगे।
- आपके मामले से सम्बन्धी कागजों को तैयार व प्रिंट कराया जायेगा।
- आपके लिए आपकी भाषा में कोर्ट के आदेशों को अनुवादित भी किया जायेगा आदि।

निम्नलिखित मामलों में कानूनी सहायता नहीं मिलेगी।

- मानहानि,
- द्वेषपूर्ण अभियोजन,
- अदालत की अवमानना
- झूठे साक्ष्य इत्यादि पर आधारित मामले।
- किसी भी चुनाव से सम्बंधित कोई कार्यवाही।
- ऐसे मामले जहाँ पर दण्ड की आर्थिक राशि 50/– रुपये से कम है।
- ऐसे अपराध के मामले जो कि आर्थिक और सामाजिक कानून के खिलाफ हैं। जैसे की ATM से पैसे चोरी करना,
- राज्य सम्पदा को नुकसान पहुँचना इत्यादि।
- आवेदक व्यक्ति मामले से सम्बंधित ही नहीं हैं।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 6 के तहत किया गया था। माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

पैट्रन–इन–चीफ हैं, जबकि वरिष्ठ / सिटिंग जज, इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच में अपनी उप समिति के साथ इलाहाबाद में उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति, 71 जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और 300 तहसील कानूनी सेवा समितियों का गठन अधिनियम के तहत किया गया है। डिस्ट्रिक्ट जज अध्यक्ष हैं जबकि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रैंक के एक ज्यूडिशियल ऑफिसर डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के सेक्रेटरी हैं। जिला के वरिष्ठ सिविल जज जिला विधिक सेवा समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं और तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव होते हैं।

मध्यस्थों की सहायता से विवादों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद और लखनऊ में दो मध्यस्थता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में, न्यायालय ने मध्यस्थता केंद्र उत्तर प्रदेश राज्य के सभी 71 जिलों / सत्र प्रभागों में कार्यशील हो गए हैं। विवादों को निपटाने के साथ–साथ कानूनी प्रणाली के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी, सेमिनार, सम्मेलन भी आयोजित किए जाते हैं।

यदि किसी भी विभाग या किसी भी संगठन सहित कोई भी पूर्व मुकदमेबाजी या किसी न्यायालय या प्राधिकरण में लंबित मामलों का निपटारा करना चाहता है, तो लोक अदालतों के माध्यम से आपसी समझौता या विभागीय लोक अदालत सहित आपसी सुलह या विभागीय विवादों का निपटारा कर सकता है।

संपर्क करें: राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, जवाहर भवन एनेक्सी, लखनऊ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संबंधित जिले में सिविल कोर्ट परिसर।

उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

उच्च न्यायालय कानूनी सेवा उप समिति, लखनऊ बेंच लखनऊ।

संबंधित तहसील में तहसील विधिक सेवा समिति।

वेब साइटः upslsa-up-nic-in

ई–मेलः upslsa@nic.in

फोन 0522–2286395, 2286260, 2286265

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

Ghaziabad Legal Services Office Address

Address- Near Collectorate, Sector 15, Sector 10, Raj Nagar, Ghaziabad,

Uttar Pradesh- 201001

Phone- 0120 275 4719

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

उपभोक्ता (ग्राहक) संरक्षण अधिनियम, 2019 उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए एक कानून है। देश भर में उपभोक्ता (ग्राहक) अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित उपभोक्ता शिकायतों को हल करने के लिए यह अधिनियम बहुत जरूरी है। इसके पास उपभोक्ता शिकायतों को तेजी से हल करने के तरीके और साधन हैं।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य क्या है?

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का मूल उद्देश्य, उपभोक्ताओं की समस्याओं को समय पर हल करने के लिए प्रभावी प्रशासन और जरूरी प्राधिकरण की स्थापना करना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है।

उपभोक्ता की परिभाषा : उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने इस्तेमाल के लिए कोई वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है। इसमें वह व्यक्ति शामिल नहीं है जो दोबारा बेचने के लिए किसी वस्तु को हासिल करता है या लाभ के उद्देश्य के लिए किसी वस्तु या सेवा को प्राप्त करता है। इसके अंतर्गत इसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके, नेट से सामान खरीदना, मल्टी लेवल मार्केटिंग या सीधे खरीद के जरिए किया जाने वाला सभी तरह का ऑफलाइन या ऑनलाइन लेनदेन शामिल है।

उपभोक्ताओं के अधिकार : बिल में उपभोक्ताओं के अधिकारों को स्पष्ट किया गया है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

1. ऐसी वस्तुओं और सेवाओं की मार्केटिंग के खिलाफ सुरक्षा जो जीवन और संपत्ति के लिए जोखिमपरक हैं।

2. वस्तुओं या सेवाओं की क्वालिटी, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और मूल्य की जानकारी प्राप्त होना।

3. प्रतियोगी मूल्यों पर वस्तु और सेवा उपलब्ध होने का आश्वासन देना।

4. अनुचित व्यापार की स्थिति में मुआवजे की मांग करना।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण अथॉरिटी : केंद्र सरकार उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा देने, उनका संरक्षण करने और उन्हें लागू करने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण अथॉरिटी (सीसीपीए) का गठन करेगी। यह अथॉरिटी उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन, अनुचित व्यापार और भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित मामलों को रेगुलेट करेगी। महानिदेशक की अध्यक्षता में सीसीपीए की एक अन्वेषण शाखा (इनवेस्टिगेशन विंग) होगी, जो ऐसे उल्लंघनों की जांच या इनवेस्टिगेशन कर सकती है।

उपभोक्ता कानून निम्नलिखित कार्य करेगी:

1. उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन की जांच, इनवेस्टिगेशन और उपयुक्त मंच पर कानूनी कार्यवाही शुरू करना,

2. जोखिमपरक वस्तुओं को रीकॉल या सेवाओं को विदड्रॉ करने के आदेश जारी करना, चुकाई गई कीमत की भरपाई करना और अनुचित व्यापार को बंद कराना, जैसा कि बिल में स्पष्ट किया गया है,

3. संबंधित ट्रेडर /मैन्यूफैक्चरर/एन्डोर्सर/एडवरटाइजर/पब्लिशर को झूठे या भ्रामक विज्ञापन को बंद करने या उसे सुधारने का आदेश जारी करना,

4. जुर्माना लगाना, और

5. खतरनाक और असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं के प्रति उपभोक्ताओं को सेफ्टी नोटिस जारी करना।

उपभोक्ता विवाद निवारण कमीशन: जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर उपभोक्ता विवाद निवारण कमीशनों (सीडीआरसीज) का गठन किया जाएगा।

एक उपभोक्ता निम्नलिखित के संबंध में आयोग में शिकायत दर्ज करा सकता है :

1. अनुचित और प्रतिबंधित तरीके का व्यापार,
2. दोषपूर्ण वस्तु या सेवाएं,
3. अधिक कीमत वसूलना या गलत तरीके से कीमत वसूलना, और
4. ऐसी वस्तुओं या सेवाओं को बिक्री के लिए पेश करना, जो जीवन और सुरक्षा के लिए जोखिमपरक हो सकती हैं।

अनुचित कॉन्ट्रैक्ट के खिलाफ शिकायत केवल राज्य और राष्ट्रीय सीडीआरसीज में फाइल की जा सकती हैं। जिला सीडीआरसी के आदेश के खिलाफ राज्य सीडीआरसी में सुनवाई की जाएगी। राज्य सीडीआरसी के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय सीडीआरसी में सुनवाई की जाएगी। अंतिम अपील का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को होगा।

उपभोक्ता कानून–

- जिला सीडीआरसी उन शिकायतों के मामलों को सुनेगा, जिनमें वस्तुओं और सेवाओं की कीमत **एक करोड़ रुपए** से अधिक न हो।
- राज्य सीडीआरसी उन शिकायतों के मामले में सुनवाई करेगा, जिनमें वस्तुओं और सेवाओं की कीमत **एक करोड़ रुपए से अधिक हो, लेकिन 10 करोड़ रुपए से अधिक न हो।**
- **10 करोड़ रुपए से अधिक** की कीमत की वस्तुओं और सेवाओं के संबंधित शिकायतें राष्ट्रीय सीडीआरसी द्वारा सुनी जाएंगी।
- **उत्पाद की जिम्मेदारी (प्रोडक्ट लायबिलिटी):** उत्पाद की जिम्मेदारी का अर्थ है, उत्पाद के मैन्यूफैक्चरर, सर्विस प्रोवाइडर या विक्रेता की जिम्मेदारी। यह उसकी जिम्मेदारी है कि वह किसी खराब वस्तु या दोषी सेवा के कारण होने वाले नुकसान या चोट के लिए उपभोक्ता को मुआवजा दे। मुआवजे का दावा करने के लिए उपभोक्ता को बिल में स्पष्ट खराबी या दोष से जुड़ी कम से कम एक शर्त को साबित करना होगा।

दंड एवं उपचार का प्रावधान

- अगर कोई व्यक्ति जिला, राज्य या राष्ट्रीय आयोगों के आदेशों का पालन नहीं करता तो उसे कम से कम एक महीने और अधिकतम तीन वर्ष तक के कारावास की सजा हो सकती है या उस पर कम से कम 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है जिसे एक लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है या उसे दोनों सजा भुगतनी पड़ सकती है।
- झूठे और भ्रामक विज्ञापनों के लिए बनाने वाले पर 10 लाख रुपए तक का दंड लगाया जा सकता है और अधिकतम दो वर्षों का कारावास भी हो सकता है। इसके बाद अपराध करने पर यह जुर्माना बढ़कर 50 लाख रुपए तक हो सकता है और सजा पाँच वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है। दोषी को दण्ड और जुर्माने दोनों से दण्डित भी किया जा सकता है।
- यह कानून भ्रामिक विज्ञापनों पर भी रोक लगा सकता है। हर बार अपराध करने पर प्रतिबंध की अवधि तीन वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है।

- यह कानून मिलावटी उत्पादों की मैन्यूफैक्चरिंग, बिक्री, स्टोरिंग, वितरण या आयात के लिए भी दंड लगा सकती है। ये दंड निम्नलिखित हैं: (1) अगर उपभोक्ता को क्षति नहीं हुई है तो दंड एक लाख रुपए तक का जुर्माना और छह महीने तक का कारावास हो सकता है, (2) अगर क्षति पहुँची है तो दंड तीन लाख रुपए तक का जुर्माना और एक वर्ष तक का कारावास हो सकता है, अगर गंभीर चोट लगी है तो दंड पाँच लाख रुपए तक का जुर्माना और सात वर्ष तक का कारावास हो सकता है, (3) मृत्यु की स्थिति में दंड दस लाख रुपए या उससे अधिक का जुर्माना और कम से कम सात वर्ष का कारावास हो सकता है जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है।

- यह कानून नकली वस्तुओं की मैन्यूफैक्चरिंग, बिक्री, स्टोरिंग, वितरण या आयात के लिए भी दंड लगा सकती है। ये दंड निम्नलिखित हैं: (1) अगर क्षति पहुँची है तो दंड तीन लाख रुपए तक का जुर्माना और एक वर्ष तक का कारावास हो सकता है, (2) अगर गंभीर चोट लगी है तो दंड पाँच लाख तक का जुर्माना और सात वर्ष तक का कारावास हो सकता है, (3) मृत्यु की स्थिति में दंड दस लाख रुपए या उससे अधिक का जुर्माना और कम से कम सात वर्ष का कारावास हो सकता है जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है।

सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार का अर्थः

आरटीआई (सूचना का अधिकार) का मतलब है कि नागरिक राज्य या केंद्र सरकार के विभागों और कार्यालयों से जानकारी के लिए अनुरोध कर सकते हैं। भारत का कोई भी नागरिक किसी भी जानकारी के लिए पूछ सकता है, जिसे सार्वजनिक ज्ञान माना जाता है।

लोकतंत्र में जनता ही अपने द्वारा चुने हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है वो इसलिए कि सरकार पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी का पालन करें इसलिए जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि जो सरकार सेवा में है वह क्या कर रही है ।

RTI से आप क्या–क्या कर सकते हैं–

- RTI से आप सरकार से कोई भी सूचना ले सकते हैं।
- RTI से आप किसी भी सरकारी दस्तावेज की जांच कर सकते हैं।
- RTI से आप दस्तावेजों की फोटो कॉपी भी ले सकते हैं।
- RTI से आप सरकारी काम के इस्तेमाल में सामग्री का नमूना भी ले सकते हैं।
- RTI से आप किसी भी सरकारी कामकाज का जॉच कर सकते हैं।

RTI के तहत कैसी जानकारी मांगी जाए? –

इस अधिकार का उपयोग हम किसी भी सरकारी विभाग की राय जानने के लिए नही कर सकते। इसका उपयोग हम तथ्यों की जानकारी पाने के लिए कर सकते है। जैसे, "डिस्पेंसरी में कितनी दवाइयां आती है, पार्क और साफ सफाई में कितना खर्च हुआ,

किसी सरकारी दफ्तर में कितनी नियुक्तियां हुई?" इसके अलावा "सड़क बनाने के लिए कितने पैसे आये और कहा पर खर्च हुए?"

सभी गवर्मेंट डिपार्टमेंट, प्रधानमंत्री, मुख्यमत्री, बिजली कंपनियां, बैंक, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, राष्ट्रपति, पुलिस, बिजली कंपनियां, RTI Act के अन्दर आते है।

लोगो ने RTI के इस्तेमाल से कई ऐसी जानकारी हासिल की है जिससे उनकी रोजमर्रा की समस्याए सुलझ गई है।

सरकार की सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी या गोपनीय जानकारी इस अधिकार के अंतर्गत नही आती।

कैसे प्राप्त करे जानकारी?

हर सरकारी विभाग में जन सुचना अधिकारी होता है। आप अपने आवेदन पत्र उसके पास जमा करवा सकते है। आवेदन पत्र का फॉर्मेट इन्टरनेट से डाउनलोड कर सकते है या फिर एक सफेद कागज पर अपना आवेदन (एप्लीकेशन) लिख सकते है जिसमे जन सुचना अधिकारी आपकी मदद करेगा।

RTI की एप्लीकेशन आप किसी भी भारतीय भाषा जैसे हिंदी, अंग्रेजी या किसी भी स्थानीय भाषा में दे सकते हैं अपने आवेदन पत्र की फोटो कॉपी करवा कर जन सुचना अधिकारी से रिसीविंग जरुर ले ले।

कब मिलेगी जानकारी?

आवेदन पत्र डालने के ३० दिन के अन्दर आपको जवाब मिल जाएगा।

यदि ऐसा नही होता है तो आप कार्ट में अपील कर सकते है।

सूचना मांगने के लिए फीस–

किसी भी सरकारी विभाग से जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र के साथ 10/– रूपये की फीस है ये फीस गरीबी रेखा से नीचे के लोगो के लिए माफ है।

RTI के दायरे में आने वाले इन सभी विभागो से आप सूचना ले सकते हैः–

- राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के दफ्तर
- संसद और विधानसभा
- निर्वाचन आयोग
- अदालतों
- सरकारी कार्यालय
- सरकारी बैंक
- सभी सरकारी अस्पतालों
- पुलिस विभाग
- बीएसएनएल
- सरकारी स्कूल और कॉलेज
- विद्युत बोर्ड आदि

प्रपत्र–क

(नियम 3 (1) देखें)

सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रपत्र

आईत्रडीत्र सं0

(कार्यालय प्रयोग के लिए)

सेवा में,

लोक सूचना पदाधिकारी

(विभाग/कार्यालय)

1. आवेदक का नाम
2. पूरा पता
3. मॉगी गयी सूचना का ब्यौरा (संक्षेप में)
4. मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मेरी पूरी जानकारी में मॉगी गयी सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 एवं 9 के अंतर्गत मुक्त नहीं है। यह आपके विभाग/कार्यालय से संबंधित है।
5.

(1) मैंने .....रूपये (शब्दों में)..... ..... तिथि..... को रसीद सं..... ..... से विभाग/कार्यालय में भुगतान किया है।

(2) मैं डिमांड ड्राफ्ट/भुगतानादेश सं .....दिनांक..... .....जो.....पदाधिकारी के पक्ष में .....बैंक द्वारा जारी की गयी है, फीस के रूप में संलग्न करता हूँ।

(3) मैने .....रूपये का नॉन जुडिशियल स्टाम्प इस आवेदन में लगा दिया (संबद्ध कर दिया) है।

(4) मैं गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवार का हूँ। मेरे कार्ड/वांछित सर्टिफिकेट की छाया प्रति संलग्न है।

स्थानः

तिथिः

आवेदक का हस्ताक्षर

ई–मेल पता, अगर कोई होः

दूरभाष संख्या (कार्यालय):

(आवास)

आवेदक के पत्राचार का पूरा पताः

नोटः गरीबी रेख से नीचे वाले परिवार को कोई फीस देय नही है।

जो लागू नही है उसे काट दे।

भारत में तलाक के नियम व कानून से जुड़ी जानकारी

तलाक कानूनी कार्रवाई द्वारा विवाह की समाप्ति है जिसमें एक व्यक्ति द्वारा शिकायत की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि आधिकारिक तौर पर आपकी शादी खत्म हो रही है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि जब एक व्यक्ति दूसरे के जीवन से बाहर जाना चाहता है, तब भी उसके पास उनके साथी के जीवन की जिम्मेदारी बनी रहती है।भारत में, विवाह और तलाक व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित होते हैं। हिंदुओं, बौद्ध, सिख और जैन के लिये तलाक हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 द्वारा शासित है। मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदायों के पास, विवाह और तलाक को नियंत्रित करने वाले विभिन्न कानून हैं। विभिन्न समुदायों और जातियों से संबंधित जोड़ों के लिए, शादी और तलाक विशेष विवाह अधिनियम, 1956 द्वारा शासित होते हैं।

भारत में तलाक की प्रक्रिया या तलाक लेने के नियम

1. आपसी सहमति से तलाक

2. आपसी सहमति के बिना तलाक यानी तलाक का चुनाव किया

ऐसी स्थितियों में जहां पति और पत्नी दोनों शादी समाप्त करना चाहते हैं, वे आपसी सहमति से तलाक का चयन कर सकते हैं। हिंदू विवाह कानून धारा–13 (बी) में कहा गया है कि पार्टियां पारिवारिक अदालत के समक्ष याचिका दायर करके आपसी सहमति से तलाक ले सकती हैं। विवाह को

